# जगद्गुरु रामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय

ग्राम - मदाऊ, पोस्ट - भांकरोटा, जयपुर, (राज॰) - 302026

वेबसाईट : www.jrrsanskrituniversity.ac.in ई–मेल - jrrsu@yahoo.com टेलीफैक्सः 0141 - 5132022

क्रमांक : प (274)जरारासंविवि / शैक्ष. / 2025 / दिनांक :

## कार्यालय आदेश

सत्र 2025–26 के लिए PGDYT पाठ्यक्रम संचालन बाबत् अस्थाई सम्बद्धता में अभिवृद्धि हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों पर विश्वविद्यालय अधिनियम की धारा 23(2)(क) के अनुसार महाविद्यालयों की सम्बद्धता के आवेदनों का निपटारा करने हेतु दिनांक 18.09.2025 को आयोजित निरीक्षण बोर्ड एवं सम्बद्धता समिति की संयुक्त बैठक अनुशंसा एवं इसकी कार्यपरिषद् की स्वीकार्यता की शर्त पर निम्नलिखित महाविद्यालयों / संस्थाओं को निम्नांकित शर्तों के अध्यधीन अस्थाई सम्बद्धता में अभिवृद्धि प्रदान की जाती हैः–

1. संस्था के अध्यक्ष / सचिव द्वारा रु. 500 / – के नॉन ज्यूडीशियल स्टॅाप पेपर (नोटराइज) पर पत्र जारी होने के 15 दिवस के अन्दर शपथ पत्र प्रस्तुत किया जावें जिसमें संबंधित संस्था / महाविद्यालय आगामी तीन माह में निम्नानुसार शर्तों की पूर्ति कर समस्त दस्तावेज विश्वविद्यालय में जमा करा देंगः–
   - (i) महाविद्यालय को मुख्यद्वार से लेकर सम्पूर्ण भौतिक एवं मानवीय संसाधनों की वीडियोग्राफी की सीडी मय पंजिका जमा करवा दी जावेगी।
   - (ii) स्टॅाफ सलेक्शन नियमानुसार कराकर सूची संलग्न करवा दी जावेगी।
   - (iii) विगत तीन वर्षों के वेतन आहरित विवरण प्राचार्य से लेकर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी तक सत्यापित कर संलग्न कर जमा करवा दिया जावेगा।
   - (iv) विगत तीन वर्षों की ऑडिट रिपोर्ट जमा करवा दी जावेगी।
   - (v) विश्वविद्यालय के प्रतिनिधियों के साथ उपवेशन की कार्यवाही का विवरण संलग्न कर प्रस्तुत कर दिया जावेगा।
   - (vi) प्रबन्ध समिति के उपवेशन का विवरण जमा करवा दिया जावेगा।
   - (vii) पुस्तकालय में क्रय की गई पुस्तकों के बिल तथा पुस्तकालय में रखी गई उन पुस्तकों का स्पष्ट रंगीन छायाचित्र उपलब्ध करवा दिये जावेंगे।
   - (viii) छात्रों की ऑनलाईन / ऑफलाईन कक्षाओं का विवरण मय छात्र संख्या / शिक्षकवार सत्यापित विवरण संलग्न कर उपलब्ध करवा दिया जावेगा।
   - (ix) कार्यरत शिक्षकों को UGC वेतनमान दिया जा रहा है।
   - (x) राज्य सरकार, राजभवन सचिवालय एवं विश्वविद्यालय के नियमों एवं समय–समय पर प्रसारित निर्देशों को पूर्णतया मानने हेतु प्रतिबद्ध है।
   - (xi) महाविद्यालय / संस्था की वेबसाईट पर सभी जानकारी उपलब्ध करवा दी गई है एवं उसको प्रतिदिन अपडेट करेंगे।
   - (xii) विश्वविद्यालय द्वारा समय–समय पर चाही गई वांछित सूचना हेतु पत्र इत्यादि विश्वविद्यालय वेबसाईट के माध्यम से देखकर निर्धारित समय सीमा में उपलब्ध करवा दी जावेगी।
   - (xiii) जिन महाविद्यालयों / संस्थाओं द्वारा महाविद्यालय स्तर के पाठ्यक्रम संचालित होने तथा स्वयं की भूमि एवं भवन में महाविद्यालय संचालित होने के संबंध में शपथ पत्र प्रस्तुत किया गया था उन सभी महाविद्यालयों को 31.01.2026 तक महाविद्यालय स्तर के पाठ्यक्रम संचालित होने तथा स्वयं की भूमि एवं भवन होने के साक्ष्य प्रस्तुत करने होगे।

| S. No. | Name College | Seats |
|---|---|---|
| 1. | SHREE RAM YOG SADHANA COLLEGE NAYLA BASSI JAIPUR | 40 |
| 2. | SATGURU YOGA & NATU. SCIENCE COLLEGE, SIKAR | 40 |

sd -

कुलसचिव

# जगद्गुरु रामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय

ग्राम - मदाऊ, पोस्ट - भांकरोटा, जयपुर, (राज.) - 302026

*वेबसाइट : www.jrrsanskrituniversity.ac.in* *ई-मेल - jrrsu@yahoo.com* टेलीफैक्स: *0141 - 5132022*


क्रमांक : प (274)जरारासंविवि / शैक्ष. / 2025 / 4912-18 दिनांक : 01/1/26

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैं:-

1. निजी सचिव, कुलपति महोदय, जरारासंविवि, जयपुर
2. निजी सहायक, कुलसचिव, जरारासंविवि, जयपुर
3. परीक्षा नियंत्रक, जरारासंविवि, जयपुर
4. सहायक कुलसचिव, बैठक शाखा, जरारासंविवि, जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि आगामी कार्यपरिषद् की बैठक में पुष्टि हेतु प्रस्तुत करावें।
5. प्रभारी वेबसाईट, जरारासंविवि, जयपुर को भेजकर लेख है कि विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर प्रदर्शित करावें।
6. संबंधित महाविद्यालय ..........................
7. रक्षित पत्रावली

कुलसचिव